भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1667
बुधवार, 13 दिसंबर, 2023 को उत्तर देने के लिए

अंतरिक्ष शिक्षा के लिए कार्यक्रम

1667. श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर:
श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री दिलीप शइकीया:
श्री देवजी पटेल:
श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने युवाओं के बीच अंतरिक्ष शिक्षा और इसकी पहुंच को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट कार्यक्रम, पहल और गतिविधियां शुरू की हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कमजोर वर्ग के लोगों तक अंतरिक्ष शिक्षा और आउटरीच कार्यक्रम को पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए सरकार के पास कोई तंत्र है;

(घ) यदि हां, तो इसके लिए क्या कदम उठाए गए हैं और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार ने अंतरिक्ष शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किए गए उक्त पहल के लिए शिक्षा संस्थाओं के साथ समन्वय/ सहयोग स्थापित किया है;

(च) यदि हां, तो ऐसी संस्थाओं की संख्या और ब्यौरा क्या है;

(छ) यदि नहीं, तो क्या सरकार भविष्य में ऐसे किसी सहयोग की योजना बना रही है; और

(ज) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) जी हां।

(ख) इसरो ने देशभर की युवा प्रतिभाओं के बीच अंतरिक्ष शिक्षा एवं आउटरीच गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अंतरिक्ष ट्यूटर, युवा विज्ञानी कार्यक्रम (युविका) एवं स्पेस ऑन व्हील्स जैसे कार्यक्रमों को संस्थापित किया है।

(ग) जी हां।

(घ) इसरो पोर्टल के माध्यम से अवसर की घोषणा जारी की जाती है और सभी अभिरुचि रखने वाले गैर-लाभकारी संगठनों तथा शिक्षा संस्थाएं इसरो के पंजीकृत अंतरिक्ष ट्यूटरों के रूप में आवेदन एवं पंजीकरण के लिए पात्र हैं। युविका कार्यक्रम के लिए आवेदन हेतु पात्र विद्यालयी छात्रों के लिए इसरो पोर्टल के माध्यम से प्रति वर्ष घोषणा की जाती है। देश के कोने-कोने में स्पेस-ऑन-व्हील्स के संचालन के लिए विज्ञान भारती (विभा) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है।

(ङ) जी हां।

(च) इसरो के पंजीकृत अंतरिक्ष ट्यूटरों पर इसरो के साथ अब तक 96 गैर-लाभकारी संगठन तथा शिक्षा संस्थाएं पंजीकृत हो चुकी हैं। देशभर में स्थानीय शिक्षा संस्थाओं में स्पेस-ऑन-व्हील्स के संचालन की नेटवर्किंग के लिए *विभा* के साथ सहयोग किया गया है।

(छ) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है।

(ज) प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है।

***